हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट)

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि सभी हवाई अड्डों पर विमान संचालन प्रक्रिया सामान्य रूप से शुरू हो गई है। माइक्रासॉफ्ट में गड़बड़ी के कारण कल उड़ानें प्रभावित हुई थीं। एक बयान में मंत्रालय ने बताया है कि जो गड़बड़ी आई थी, उसे ठीक किया जा रहा है। यह भी कहा गया है कि सरकार हवाई परिचालन की लगातार निगरानी कर रही है। हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली कम्पनियां यात्रा समायोजन और भुगतान सुनिश्चित करने पर ध्यान रख रही हैं।

....

डबवाली को जिला बनाने की मांग पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने इसके लिए एक समिति गठित की हुई है।डबवाली को ज़िला बनाने की माँग भी इस समिति को भेज दे जाएगी और समिति ज़िला बनाने के मापदंडों के आधार पर अपना फैसला लेगी ।उन्होंने कहा कि जो भी मांग आती है चाहे जिला बनाने की मांग हो या फिर किसी क्षेत्र को खण्ड बनाने की मांग उसे समिति के पास भेज दिया जाता है।

....

प्रवर्तन निदेशालय ने सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेन्द्र पवार को यमुनानगर क्षेत्र में ग़ैर क़ानूनी खनन मामले में गिरफ्तार कर अंबाला ज़िला सत्र अदालत में पेश किया है ।फिलहाल
जिला एवं सत्र न्यायधीश कंचन माही की अदालत में सुनवाई चल रही है।प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ के लिए उनका रिमांड माँगा है ।

....

हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में एक और बड़ा निर्णय लेते हुए ट्रांसफार्मर चोरी या खराब होने की स्थिति में उनसे शुल्क न लेने का निर्णय लिया है। यह दिशा-निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के

प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इस वर्ष 15 जनवरी को अधिसूचित हरियाणा विद्युत नियामक आयोग विद्युत आपूर्ति संहिता विनियमन, 2014 में संशोधन किया गया है।संशोधन के अनुसार, अब उपभोक्ताओं से ट्रांसफार्मर के चोरी या प्राकृतिक आपदाओं से खराब होने की स्थिति में बदलने या मरम्मत करवाने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। जबकि पहले उपभोक्ताओं द्वारा ट्रांसफार्मर के वारंटी में खराब या चोरी होने पर उसकी कीमत का 20 प्रतिशत तथा वारंटी खत्म होने पर बदलने की स्थिति में ट्रांसफार्मर की कीमत का 10 प्रतिशत शुल्क जमा करवाया जाता था।ट्रांसफार्मर बदलने या मरम्मत करने की एवज में किसानों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ पड़ता था, इसे देखते हुए सरकार ने मौजूदा प्रावधानों को संशोधित किया है, ताकि किसानों पर अतिरिक्त लागत का बोझ न पड़े।

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने चरखी दादरी ज़िले के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के मोटर वाहन अधिकारी को अपना काम सही तरीके से न करने और ज़रूरी बैठकों को अनदेखा करने के कारण निलंबित कर दिया है।उद्योग मंत्री ने चरखी दादरी में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों से मिली की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिए।बैठक के दौरान ओवरलोड को लेकर रखी गई शिकायत में बताया गया कि दादरी से हर रोज हजारों की संख्या में ट्रक निकलते हैं और ज्यादातर ओवरलोड होते हैं, जिनके कारण सड़कों को नुकसान होता है और साथ ही दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। इसके बावजूद क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस पर मंत्री ने मोटर वाहन अधिकारी को अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने और जरूरी बैठकों में अनुपस्थित रहने के चलते निलंबित करने के आदेश दिए और कहा कि केवल चालान करना ओवरलोड समस्या का समाधान नहीं है। अधिकारी ओवरलोड पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाएं।श्री मूलचंद शर्मा ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव को चरखी दादरी जिले के साथ लगते जिलों में बात करके वहां भी सख्ताई करवाने को कहा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के नियमों के अनुसार अगर किसी वाहन का तीन बार ओवरलोडिंग का चालान कर दिया जाता है तो उसका पंजीकरण रिन्यू नहीं हो सकता है। ऐसे ही दो बार ओवरलोड का चालान होने वाले चालक का लाइसेंस रद्द हो सकता है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उद्योग मंत्री ने बताया कि बैठक में कुल 14 शिकायतें रखी गई थीं, जिनमें से 9 का मौके पर समाधान कर दिया गया है। बाकी को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया है और इनके समाधान के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

पेरिस ओलम्पिक में इस बार भारत के 117 एथलीट भाग ले रहे हैं। इनमें से 24 एथलीट सशस्त्र बलों से हैं। इन एथलीटों में भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेने वाले सूबेदार नीरज चोपड़ा सहित 22 पुरूष और दो महिलाएं शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय दल में सेना की दो महिलाएं पहली बार ओलम्पिक में हिस्सा ले रही हैं। पेरिस ओलम्पिक 26 जुलाई से शुरू हो रहा है।सूबेदार नीरज चोपडा ने पिछले तोक्यो ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीता था और इस बार भी वे अपना परचम लहराने की कोशिश करेंगे।रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली हवलदार जैस्मीन लम्बोरिया और गत वर्ष एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली रितिका हुड्डा, यह दोनों महिलाएं पहली बार ओलम्पिक में हिस्सा ले रही हैं। मंत्रालय ने कहा है कि पेरिस ओलम्पिक में सैन्यकर्मियों की भागीदारी से पता चलता है कि सशस्त्र बल खेलों को ब□ावा देने के लिए कितना प्रतिबद्ध है।